# राज्य में स्थायी रोजगार केलिय आत्म निर्भर भारत पैकेज पर कार्य योजना तैयार करे हेमंत सरकार......सुनील सिंह

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद सुनील सिंह ने कहा कि झारखंड से बेरोजगारी को दूर करने केलिय,ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने केलिये बड़े पैमाने पर लघु कुटीर उद्योग स्थापित करने की आवश्यकता है।यहाँ के वनोपज ,सब्जियां, फल के प्रोसेसिंग से किसानों की आर्थिक स्थिति को तेजी से सुधारा जा सकता है। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी हो इस दृष्टि से राज्य सरकार द्वारासार्थक पहल और प्रयास करने की आवश्यकता है।

श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा घोषित यह 20 लाख करोड़ का आत्मनिर्भर भारत पैकेज इस दिशा में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है।

श्री सिंह ने हेमंत सरकार से शिघ्र कार्ययोजना बनाकर मार्ग प्रशस्त करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत के पूर्वी क्षेत्र के विकास की चिंता प्रारम्भ से ही की है।केंद्र सरकार हर संभव सहायता केलिय भी तत्पर है।

कहा कि राज्य सरकार को आत्म प्रशंशा की होड़ से बाहर निकलकर राज्य से स्थायी तौर पर पलायन को रोकने,बेरोजगारी को कम करने की दिशा में आत्म निर्भर भारत पैकेज का लाभ लेना चाहिये।